खबर संक्षेप

आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें सांसद

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू आज सोमवार को छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में आयोजिल होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें। सांसद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार श्री साहू प्रातः 9 बजे पी.टी.एस. गांउण्ड 8वी वाहिनी ए.सी. एफ. में पुलिस स्मृति दिवस परेड में मुख्य अतिथि होगें। दोपहर 12:30 बजे परासिया रोड स्थित एक अखबार के कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। उसके बाद सौंसर के मण्डल पिपलानारायणवार के ग्राम कोपरवाड़ी में आयोजित 35वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगें।

रश्मि को मिला कृत्रिम हाथ

छिन्दवाड़ा। सौ दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कि श्रृखंला में आयोजित 33 वे शिविर में जहां मरीजों का उपचार किया गया वही कुछ मरीजों को कृत्रिम अंगो का वितरण भी किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में जारी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों को बेहतर उपचार मिल रहा है इसी कड़ी में गत दिनों छिन्दवाड़ा में आयोजित शिविर के दौरान छिन्दवाड़ा निवासी रश्मि विश्वकर्मा को रोटरी कल्ब के माध्यम से कृत्रिम हाथ लगाया गया। रश्मि ने बताया कि जब वह 2 वर्ष की थी तभी एक दुर्घटना में उसका हाथ कट गया था तभी से वह काफी परेशानी में थी, लेकिन कृत्रिम हाथ लग जाने से अब वह अपने काम आसानी से कर सकेगी। कृत्रिम हाथ लगाये जाने पर रश्मि ने सांसद बंटी विवेक साहू और रोटरी कल्ब के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

युवतियां भी कर रही नशे का सेवन और अय्याशी, दिल्ली से नशीले पावडर के भी जुड़े हैं तार

नशे की चपेट में आया छिंदवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में नशे का कारोबार जोरों पर है। पुलिस की काली करतूतों ने इस दावे को और अधिक मजबूती प्रदान की है। विदेशी महंगी शराब के स्मगलर पुनीत चाचड़ा को शनिवार को पुलिस ने दो लग्जरी कारों और 65 लीटर शराब के साथ पकड़ा था जहां रविवार को कोर्ट में पेश किया गया और पुलिस को दो दिन की रिमांड पूछताछ करने के लिए दी गई है। पुनीत इस कारोबार में अकेला नहीं हो सकता। जिले के कई रसूखदार इस काले धंधे में शामिल हो सकते है। पुनीत ने इस कारोबार से कितनी संपत्ति जोड़ी और कोन कोन इनके संपर्क में था यह सब तो जांच का विषय है परंतु रहीशजादों के कांड अगर पुलिस गंभीरता के परत दर परत खोलती है तो शहर के कई सफेद पोश चेहरे बेनकाब हो सकते है क्योंकि पुनीत जैसे लोगों की करतूतों से कई युवा जिंदगी बर्बादी की दहलीज पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। शहर में चल रही कई पार्टियां रसूखदारों के संरक्षण में ही चल रही है और पुलिस को इस पर कितनी सफलता मिलती है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। ज्ञात हो कि शहर में दिल्ली की शराब पकड़े जाने के बाद सबसे ज्यादा सुर्खियों में छिंदवाड़ा शहर और आसपास फैला सूखा नशा रहा। दरअसल दिल्ली की शराब कांड के तार नशीले पाउडर से भी जुड़े हुए हैं। और कहीं ना कहीं इसमें दिल्ली से शराब लाकर छिंदवाड़ा और नागपुर बेचने वाले भी शामिल है। अब तक तो शराब के साथ केवल एक चेहरा पुनीत चाचड़ा पकड़ा गया है। लेकिन इसके पीछे कई पुराने कारोबारी भी शामिल हैं। जो दिल्ली की शराब न सिर्फ छिंदवाड़ा के रईस जादौ को उपलब्ध करा रहे थे। बल्कि यह शराब छिंदवाड़ा से नागपुर जैसे बड़े शहरों में भी भेजी जा रही थी। इसके पीछे पुराने ठेकेदारों के साथ काम करने वाले वह लोग भी शामिल है जो पहले से महंगी शराब का कारोबार शहर में चला रहे हैं। इस शराब कांड के बाद पुलिस कई चेहरों पर नज़रें जमाए बैठी है । जिसमें कई रसूखदार, डॉक्टर, मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट, और शहर के रईसजादे युवा शामिल है। जिन्हें महंगी शराब सीधे सप्लाई कर दी जाती थी। लेकिन इसके साथ ही छिंदवाड़ा शहर सूखे नशे की चपेट में भी है । इस खबर के साथ हम एक वीडियो भी प्रकाशित कर रहे हैं । यह वीडियो छिंदवाड़ा शहर के एक दिल्ली शराब कांड से जुड़े व्यक्ति के घर का है। जहां युवती को नशीला पाउडर नाक से सूंघने का तरीका सिखाया जा रहा है। इसी तरह कई युवतियां और युवक सूखे नशे की चपेट में हैं। यह नशा कहां से रहा है और कौन-कौन इसमें शामिल है।

जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

पंप चालक पर तलवार और लाठियों से जान लेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका के एक पंप चालक पर चार लोगों ने तलवार , लाठियों से हमला कर दिया । जिससे पंप चालक गंभीर घायल हुआ है । घायल का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है । पीड़ित की पत्नी ने चार लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है । वहीं पूर्व में भी आरोपियों के द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत पर परासिया पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप पीड़ित की पत्नी ने लगाया है ।मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 7 में स्थित पंप हाउस में पंप चालक शेष लाल सल्लाम नाइट ड्यूटी पर था । जो रविवार सुबह करीब 6:30 बजे किसी काम के लिए बाहर आया तो चार लोगों के द्वारा उसे पर तलवार और लाठी से ताबड़तोड़ हमले किए गए । जिससे उसके सिर पर , पेट में हाथ में और पिंडलियों में गंभीर चोट आई है । परिवार वालों को सूचना मिलने पर तत्काल उसे 108 एम्बुलेंस से परासिया अस्पताल ले जाया गया । यहां प्राथमिक उपचार के बाद शेषलाल को छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया । पंप चालक शेषलाल की पत्नी वर्षा सल्लाम ने बताया , कि शेषलाल के द्वारा पूर्व में पंप में चोरी करने आए कुछ युवकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई थी । जिसके बाद से वह लगातार शेषलाल को मारने का प्रयास करते रहे हैं । जिन आरोपियों के द्वारा की घटना घटित की गई है उनके खिलाफ पहले से ही पुलिस में कई मामले हैं । उसके बावजूद पुलिस के द्वारा इन आरोपियों को खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई । जिसके फल स्वरुप ररिवार की सुबह आरोपियों ने शेषलाल की हत्या करने का प्रयास किया । पीड़ित की पत्नी के द्वारा मारपीट करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत कराई गई है ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बिजोरी मंडल में निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ मंडल बिजोरी नगर मे रविवार दोपहर एक बजे विराट पथसंचलन शिवमंदिर प्रांगण से निकला वही पथसंचलन के दौरान मुख्यमार्ग में राष्ट्रभक्तो का स्वागत करने अनेको आमजन महिला पुरुष बच्चो ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया । उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती देश है पुकारता,पुकारती मा भारती के सामूहिक गीत के साथ लगभग दो सौ से अधिक स्वंयसेवको ने नगर में पथ संचलन कर सामाजिक समरसता का प्रदर्शन किया । बिजोरी स्थित शिव मंदिर मे दोप एक बजे एकत्रीकरण के बाद पथसंचलन बिजोरी मुख्यमार्ग से पाण्डुपिपरिया तिराहे से ग्राम पंचायत होते हुए फिर तिराहे से मुख्यमार्ग लिंगा मार्ग होते हुए वापस शिवमंदिर बिजोरी पहुँचा। जगह जगह स्वयसेवको पर पुष्पवर्षा की गयी । विजयादशमी के अवसर पर पथसंचलन के दौरान आम जनमानस ने पारम्पारिक अंदाज मे स्वागत किया पथसंचलन के दौरान शांति कानून तथा यातायात व्यवस्था रखने टीआई विजय सिंह ठाकुर सहित पुलिस बल मुस्तैदरहा । मुख्यमार्ग होते हुये पथ संचलन विभिन्न मार्गो से होकर गुजरता हुआ। पथसंचलन शिव मंदिर बिजोरी पहुंचा। पथसंचलन में मुख्य अतिथि पांडुपुरिया नगर के व्यापारी मंगल प्रसाद साहू वनांचल विभाग प्रमुख उदयभान इंगले साहू स्वंयसेवक राजा गढेवाल,कौशल साहू नीरज साहू, पथ संचलन में तहसील विस्तारक बकुल मालवीय, स्वयंसेवक एडवोकेट राजा गढ़ेवाल,प्रखर इंगले, नमन गोहिया,ब्रजेश,लक्ष्मण साहू है गोपाल साहू जी यशवंत कौरव,शौर्य प्रताप सिंह कौरव,पंडित वतन उपाध्याय उपाध्याय पीड़ी आम्रवंशी, विनोद अग्रवाल, बीके सानेर सुनील केचे, मोहन चंद्रपुरी, विजय सूर्यवंशी,नमन गोहिया, राजा गड़ेवाल,आदित्य आम्रवंशी,मोहित आम्रवंशी,अनिल धुर्वे,संतोष साहू,सत्यनारायण भारती ,अभिषेक साहू नीरज साहू,अशोक खोबरे सहित समस्त स्वयसेवक उपस्थित रहे।

जिले में अभी तक 1346.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1346.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1213.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 20 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 20 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.8, तामिया में 05, अमरवाड़ा में 1.2, चौरई में 02, परासिया में 8.2, जुन्नारदेव में 13.7 और उमरेठ में 2.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 1052.8, मोहखेड़ में 1605.3, तामिया में 1627, अमरवाड़ा में 1539.2, चौरई में 1266.1, हर्रई में 1300.4, बिछुआ में 1314, परासिया में 1249.4, जुन्नारदेव में 1312.2, चांद में 1475.8 और उमरेठ में 1082.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सभी क्षेत्रों में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

छिन्दवाड़ा। म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि संचा-संधा पूर्व संभाग छिंदवाड़ा अंतर्गत पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य किये जाने के कारण 21 अक्टूबर सोमवार को ग्रामीण उपसंभाग छिंदवाड़ा के 33 के.व्ही. फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण उपसंभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत 33 के.व्ही. भौसादण्ड फीडर 220 के.व्ही. से रोहना 13 कि.मी. 220 के.व्ही.सबस्टेशन से संबंधित सभी क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी ।

72 विद्यार्थियों ने ली हार्ट मरीजों को दी जाने वाले सीपीआर इलाज की ट्रेनिंग

पांढुर्णा। आज 20 अक्टूबर को स्थानीय नवनित भवन में न्यू चेतना मंच की पहल पर आयुर्वेदिक हार्ट हॉस्पिटल माधवबाग का स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर में न्यू चेतना मंच के 72 वारियर्स को माधवबाग के डॉ गौरव शेलडे ने आपातकालीन स्थिति में सी. पी. आर. देकर मरीज की जान कैसे बचाई जा सकती है इसका प्रशिक्षण दिया। सभी वारियर्स को कॉर्डियाक अरेस्ट के दौरान पीडित की प्राथमिक सहायता हेतु प्रशिक्षित किया गया। डॉ गौरव शेलडे ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकांश लोगों ने इसकी ट्रेनिंग लेनी चाहिए ताकि हम ऐसे मरीजों की मदद कर सके। इस शिविर के आरंभ में न्यू चेतना मंच के पदाधिकारीयों तथा अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी ने माधव बाग कोंढाली की चिकित्सा टीम एवं डॉक्टर गौरव शेलडे का स्वागत किया। शिविर में 237 लोगों ने स्वास्थ परीक्षण का लाभ लिया। इस अवसर पर न्यू चेतना मंच के उपाध्यक्ष राजेन्द्र बेहुने, गोविंद अग्रवाल तथा सुनील बुधराजा के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित रहें।

बच्चों को बांटे पुरूस्कार, मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

परासिया : नगर के वार्ड क्रमांक 15 रेसक्यू ग्राउंड के पास श्री दुर्गा माता मंदिर में विशाल भण्डारा किया गया । नव रात्रि पर्व में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य , कुर्सी दौड़ , नाटक प्रस्तुत किया गया था । सभी बच्चों को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया । विशाल भण्डारा किया गया । कार्यक्रम में बसन्त मालवी जिला अध्यक्ष रजक समाज के द्वारा बच्चों को पुरुस्कार प्रदान किया गया । कार्यक्रम में विजय नवैत , राजू साहू , शुभम सोनिया , कन्हैया लाल साहनी , राहुल कठौते , सुरेन्द्र दत्ता सोंठू , नितिन डेहरिया , आकाश डेहरिया , अंकित डेहरिया और वार्ड की मातृ शक्तियाँ उपस्थित थीं ।

ई- ग्रंथालय का लाभ लेने विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

यहां के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सिलेंस शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ. डी. एस. बिसेन के मार्गदर्शन में ई- ग्रंथालय की उपयोगिता, ई-ग्रंथालय ओपेक का उपयोग करना, ई बुक्स को सर्च करना और उसे ओपन करने का तरीका विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके साथ ही यूजर आईडी एवं पासवर्ड टा प्रयोग कर ई- ग्रंथालय के पुस्तकों को सर्च करना भी सिखाया गया। इसी के साथ नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का उपयोग मेल के माध्यम से करने एवं ई-रिसोर्सेज की जानकारी प्रदान की गई। समाचार पत्र पत्रिकाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित किताबों की जानकारी इस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को दी गई। इस कार्यक्रम में पुस्तकालय प्रभारी प्रो. रामपाल कुमरे, डॉ. हर्षलता सोनटक्के, डॉ ललिता धुर्वे, प्रो. पंजाब सिंग, प्रो. गणेश कुमार तुमडाम, प्रो. मनोज धुर्वे, प्रो. निरज कुमार, राहुल यादव, विनोद शेंडे, भोजराज कराले, मनोज खुरसंगे, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। मंच संचालन एवं आभार ग्रंथपाल अजय कुमार झारिया द्वारा किया गया।

बेरडी दहीलाही कार्यक्रम में पहुंचे हजारों विट्ठल भक्त

सौंसर से लेकर बेरडी तक जगह-जगह पर लगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम बेरडी में 13 अक्टूबर से चल रहे अखंड हरी नाम सप्ताह कार्यक्रम का समापन रविवार को दहिलाई एवं महाप्रसाद वितरण के साथ में किया गया। आयोजन में हजारों की तादाद में लोगों ने उपस्थित होकर दही लाई एवं महाप्रसाद ग्रहण किया। दही लाई कार्यक्रम में शामिल होने आए हजारों विट्ठल भक्तों का सौसर से लेकर बेरडी तक जगह-जगह पर भोजन पेयजल स्वल्पाहार फूलों का वर्षण स्वागत सत्कार किया गया।

बेरडी मे धार्मिक उत्सव के दौरान शोभायात्रा पर पुष्पवर्षाव किया गया। यह शोभायात्रा बाजार में पहुची जहां पर रंगन में घोडों को दौडाने के अलावा महिलाओं द्वारा फुगडी एवं भजनों का गायन किया गया। इसीतरह दहिलाही पश्चात पंचकोशी यात्रा भी निकली जो ग्राम के बाहर से परिक्रमा करते हुये पंढरीनाथ मंदिर पहुची। दहिलाही किर्तन में हभप समाधान महाराज भोजेकर ने कहा किचिंता करना, चिंतन करना, विचार करना तीनो में बारीक भेद है। विचारों में भविष्य के प्रति जब संदेह होने लगे तो ईश्वर की शरण में चले जाये। भगवान पर भक्त का आत्मविश्वास है तो हर परिस्थिती में भगवान अपने भक्त को तर लेते है। मनुष्य जीवन स्वभाव से स्वार्थी रहा है।

दूसरे पर जब अधिक संदेह होने लगे तब चिंता शुरू हो जाती है। क्षणिक चिंता होना स्वाभाविक है,भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्त सुदामा के लिये नंगे पैर दौडकर द्वार पर उसका स्वागत किया। बेरडी में सम्पन्न दहिलाही कार्यक्रम में लगभग 70 हजार भक्तों ने विठठल रूख्मिनी मंदिर में पहुचकर पुजा अर्चना की।

पूजा अर्चना के साथ साथ भक्तों द्वारा भगवान के समक्ष अपनी मनोकामना भी व्यक्त की गई। ग्राम बेरडी में हजारों की तादाद क्षेत्र के वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। ग्राम के प्रवेश से ही ग्रामीणों द्वारा आगंतुकों का स्वागत किया जा रहा था। ग्राम की गलियों में फुल बिछाये गये थे।वही जगह जगह शितल पेय, शरबद, पोहा जलेबी का वितरण किया गया।

चौरई में प्रोफेशनल फोटोग्राफरों का हुआ मिलन समारोह

200 से ज्यादा फोटोग्राफर हुए शामिल, सीनियर एवं बाहर से आए हुए फोटोग्राफरों को दिया प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

रविवार को चौरई के निजी लॉन में एक दिवसीय प्रोफेशनल फोटोग्राफरों का मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के एवं बाहर से आए हुए फोटोग्राफरो का समागम हुआ है । उपस्थित फोटोग्राफरों के बीच वर्षों से फोटो ग्राफी क्षेत्र में का काम कर एक मुकाम पाने वाले फोटोग्राफरों का मंच के माध्यम से मार्गदर्शन लेकर प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया है तो वही अमरवाड़ा हर्रई छिंदवाड़ा सौसर पांढुर्णा परासिया बिछुआ चांद से आए हुए फोटोग्राफरों का भी प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया कार्यक्रम के संबंध में प्रोफेशनल फोटोग्राफर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शरीफ मंसूरी ने मीडिया को चर्चा में बताया है कि क्षेत्र के फोटोग्राफरों को संगठित कर प्रोफेशनल फोटोग्राफर एसोसिएशन का गठन किया गया है जिसके तहत फोटोग्राफर के लिए दिशा निर्देश तैयार किए गए एवं क्षेत्र में बेहतर फोटोग्राफी हो सके एवं क्षेत्र के कस्टमर को बेहतर सुविधा मिल सके वा फोटोग्राफरों का समय-समय पर प्रशिक्षण के साथ उनमें गुणवत्ता लाई जा सके एवं रेट पर भी एकरूपता आ सके के लिए संगठन के द्वारा कार्य किया जाएगा । जिसका की आज प्रथम मिलन समारोह एवं फोटोग्राफरों का समागम किया गया है जिसमें कलर लैब संचालकों को भी आमंत्रित किया गया है तो वही तकनीकी रूप में दक्ष कैमरा मेन को भी बुलाया गया।

पेसा एक्ट से जागरूक हो रही महिलाएं

जुन्नारदेव। ग्राम पंचायत बरेलीपार अंतर्गत ग्राम खदवाडी में नल जल योजना के संचालन के लिए सरपंच महोदया, पेसा एक्ट अध्यक्ष की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पेसा एक्ट एंव स्वा सहायता समुह से जागरूक हो रही महिलाएं खुद अपना निर्णय लेकर सामने आ रही हैं सभी कि सहमति से स्वा सहायता समूह की दीदीयां को संचालन के लिए चुना गया एंव पंम्प चालक, मासिक शुल्क, पर भी चर्चा कि गई सहभागी- ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, पंच, रोजगार सहायक, पेसा मोबिलाइजर, पेसा एक्ट अध्यक्ष, स्वा सहायता समूह की दीदीयां ओर समस्त ग्रामवासी आदि मौजूद थे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 570 मरीजों का उपचार

जरूरमंद लोगों को मिल रहा सीधा लाभः सांसद विवेक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

100 दिवसीय सेवा संकल्प एवं स्वास्थ्य की श्रंखला में रविवार को 34 वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन उमरिया ईसरा में किया गया। जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज, रोटरी क्लब ऑफ छिन्दवाड़ा तथा विभिन्न समाजसेवी और साजाजिक संस्थाओं ने सहयोग प्रदान किया।

शिविर का शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहु द्वारा किया गया। शिविर के दौरान 570 लोगों का उपचार कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया, इस दौरान 23 लोगों का आभा पंजीयन व 5 लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गये। 8 मरीजों को उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया।

इस अवसर पर सांसद श्री साहु ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी मेरी है, छिन्दवाड़ा व पाढुंर्णा जिले में आयोजित हो रहे शिविरों में यदि कोई गंभीर मरीज मिल रहा है तो उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर करके उचित उपचार किया जा रहा है। यदि जरूरत पड़ी तो गंभीर मरीजों को नागपुर और अन्य महानगरों में स्थित मेडिकल कॉलेजों में भेजकर उचित उपचार किया जायेगा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश का सतत विकास हो रहा है। पिछले पांच वर्षों से 80 करोड़ देशवासियों को निःशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है जिसे आगे बढ़ाकर 5 साल और कर दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों को 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। अब जरूरत मंद लोगों को सीधे उनके खाते मे राशि भेजकर शासन कि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय पटेल, रोगी कल्याण समीति के सदस्य चंदु जैन, वरिष्ठ नेता अमित सक्सेना, युवा नेता अजय सक्सेना, मंडल अध्यक्ष ओम पटेल, रोटरी अध्यक्ष दीपक खण्डेलवाल, बंटी पटेल, दीपेश साहू, नितिन रघुवंशी, सरपंच गीता हरिराम पाल सहित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ कि टीम उपस्थित थी।

आज लगेगा कोपरवाड़ी में शिविर

सौ दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की श्रृखंला में आज सोमवार को पीपलानारायणवार मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोपरवाड़ी में स्थित दुर्गा मंदिर टेकड़ी में 35 वा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे ने ग्रामिणों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

जिले भर में चलाया जा रहा मिलावट से मुक्ति अभियान, हर्रई, परासिया व बिछुआ की दुकानों के लिए सैम्पल

त्यौहारों को लेकर खाद्य विभाग कर रहा खाद्य सामग्री की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश में चलाये जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान एवं आगामी त्यौहार को देखते हुये कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री एन.के.शास्त्री के निर्देशन में विभागीय जांच दलों द्वारा जिले में विगत एक सप्ताह से लगातार सम्पूर्ण जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत गत दिवस खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पुरुषोत्तम भंडुरिया एवं श्री पंकज घाघरे के दल द्वारा हरई क्षेत्र में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों मनभावन स्वीट्स, तृप्ति होटल, चामुंडा बीकानेर स्वीट्स, सौरभ सेल्स, जगदंबा स्वीट्स की जांच कर खाद्य पदार्थों के 9 नमूने जांच के लिये लिये गये। इसी क्रम में आज परासिया क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों महेश नमकीन, आराध्या डेली नीड्स, गतिमान स्वीट्स का निरीक्षण किया गया एवं खाद्य पदार्थ के चार नमूने जांच के लिये लिये गये खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच के लिये खाद्य जांच प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। सभी खाद्य कारोबारी को आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये साफ, स्वच्छ परिसर तैयार कर नियम अनुसार खाद्य पदार्थों का भंडारण कर निर्माण एवं विक्रय करने के निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रूपराम सनोडिया द्वारा विकासखंड बिछुआ स्थित प्रतिष्ठानों मिलन होटल खोवा मिल्क केक व बीकानेर मिष्ठान भंडार मिल्क केक, दूध वर्फी के नमूने जांच के लिये लिये गये।

उत्कृष्ट विद्यालय के जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज का कराया गया भ्रमण

छिन्दवाड़ा। उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में आज जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल की गरिमामय उपस्थिति में दल को रवाना किया गया। जिसकी योजना एवं नेतृत्व श्रीमती अमिता के द्वारा किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं के 150 विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेज का भ्रमण किया और एनाटॉमी जैसे विभाग में मानवीय स्पेसिमेंस को देखकर अत्यधिक प्रसन्नता एवं आश्चर्य प्रकट किया, वहीं मेडिकल कॉलेज में डॉ.स्वाति मीणा, डॉ.अमित मेहता के द्वारा विद्यार्थियों को न केवल मेडिकल कॉलेज का भ्रमण कराया गय, बल्कि छात्रों को लेक्चर थिएटर में मेडिकल कॉलेज के बारे में जानकारी देते हुये उन्हें बहुत ही मोटिवेशनल स्पीच दी गई एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। सभी विद्यार्थी बहुत उत्साहित थे और सभी ने मेडिकल कॉलेज जाकर मेडिकल से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर एवं इतने व्यवहार कुशल डॉक्टर से मिलकर बहुत ही प्रसन्न थे। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य ने मेडिकल कॉलेज के डीन एवं स्टाफको बहुत-बहुत आभार धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों के साथ श्री सुनील गुहा, सुश्री दामिनी चौरसिया, सुश्री सुषमा कपाली, श्री मनीष अग्रवाल एवं श्री राकेश चतुर्वेदी का सहयोग

कबड्डी में खजरी ने जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम भाजीपानी में श्री श्री दुर्गा उत्सव सामिति के द्वारा जिला स्तरीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनांक 04/10/2024 को किया गया और फाइनल मैच 19/10/2024 को खजरी और चराई के बीच खेला गया। जिसमें खजरी ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की और द्वितीय स्थान पर चरई, तीसरे स्थान मे रावनवाड़ा और चौथे स्थान मे जुनारदेव की टीम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण मंडल पगारा अध्यक्ष मनीष सोनू यादव, बड़कुई चौकी प्रभारी अक्रजय धुर्वे कार्यक्रम आयोजन अंकित वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री भूरा कौरव, डॉ आकाश साहू, मेघलाल कहार, सखीलाल कहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने वाले सामिति के सदस्य साजन भाई, सूरज यादव शियाराम, सुजीत साहू, जीब्राइल बाबा, किशोर वर्मा, करण मेहंगिया, सेलु यादव, शिवा मेहंगिया आदि का सहयोग रहा।

अमेरिका के डेविस मॉस ने किए जैन मंदिर के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

दीपक राज जैन बताया भारतीय संस्कृति सहित जैन दर्शन का महत्व

छिंदवाड़ा। भारतीय संस्कृति सहित जैन दर्शन को जानने एवं समझने के मुख्य उद्देश्य को लेकर अमेरिका से डेविस मॉस का भारत आगमन हुआ और वे शनिवार 19 अक्टूबर को छिंदवाड़ा आए जिनका सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के मीडिया प्रभारी समाज सेवी दीपक राज जैन ने आत्मीय अभिनंदन किया।श्री जैन ने उन्हें अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन कराए ओर जैन दर्शन का महत्व बताया।इस दौरान दीपक राज जैन ने श्री मॉस को जैन दर्शन का प्राण तीर्थंकर महावीर की सर्वोदय अहिंसा, महामंत्र श्री नमोकार का महत्व, वीतरागी देव - निर्ग्रन्थ दिगंबर महामुनिराज एवं जिनवाणी माता का सच्चा स्वरूप, 24 तीर्थंकर भगवंतों सहित पंचकल्याणक महोत्सव की महिमा, जैन दर्शन में जिनालय एवं चैत्यालय जाकर दर्शन करने की विधि, अष्ट मंगल द्रव्य का स्वरूप, पांच पाप हिंसा, झूठ, चौरी, कुशील एवं परिग्रह का स्वरूप समझाया। दीपावली महापर्व एवं तीर्थंकर महावीर निर्वाण महोत्सव क्यों मनाया जाता है साथ ही इसमें हिंसक पटाखों का क्या काम आदि जानकारी देकर जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु सर्वोदय अहिंसा की अपील की।दीपावली महापर्व की महिमा बताते हुए श्री जैन ने कहा की भारत में शुभ दीपावली मनाने के दो ही कारण हैं प्रथम तो मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्रजी की चौदह वर्ष के बाद अयोध्या वापसी एवं जैनदर्शन के 24 वें तीर्थंकर अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर को निर्वाण अर्थात मोक्ष की प्राप्ति आदि बहुत ही सार गर्भित जानकारी देकर सर्वोदय अहिंसा के माध्यम से विश्व शांति की मंगल कामना की।इस अवसर पर हैदराबाद से सुश्री जाह्नवी गुप्ते, आईएआरएफ के वाइस प्रेसिडेंट आयुष सोनी, सीनियर मेंबर मनीष डेनियल एवं समाज सेवी विश्वेश चंदेल भी उपस्थित रहे।अमेरिका से छिंदवाड़ा आए डेविस मॉस को जैन दर्शन की विशेष जानकारी पाकर बहुत प्रसन्नता हुई जिसके लिए उन्होंने समाज सेवी दीपक राज जैन का आभार व्यक्त किया और जय जिनेन्द्र बोल कर उनका एवं धर्म नगरी छिंदवाड़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

हाजी अंसारी का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

तेलंगाना के आदिलाबाद से हाजी आसिफ अंसारी अपनी मां की बीमारी ठीक होने की दुआ कबूल होने पर पैदल हज करने अकेले निकल पड़े। वे लगभग चार से पांच देशों की बॉर्डर को पार करके करीब आठ हजार किलोमीटर का सफर तय करके 2026 में सऊदी अरब के मक्का और मदीना शहर पहुंचेंगे। वे शुक्रवार शाम को छिंदवाड़ा होते हुए सिंगोड़ी पहुंचे जिनका स्वागत अंजुमन कमेटी और स्थानीय लोगों ने किया। वही रात्रि विश्राम करने के बाद शनिवार सुबह फिर से आगे के सफर के लिए आसिफ अंसारी निकल गए। वही पैदल हज यात्रा को लेकर आसिफ ने बताया की भारत सहित अन्य देशों में जो कानूनी प्रक्रिया होती है उसे पूरा करने में करीब छह महीने लगे उसके बाद यह यात्रा सुरु की है हमें रोज तीस से चालीस किलो मीटर का सफर तय करना है तब 2026 के हज के समय पहुंचा जा सकेगा। रूट मेप के अनुसार से यह यात्रा सुरु की है। इस दौरान सदर अंजुमन इलमन मिस्किनी, हाजी अब्दुल सलाम, शमीम राजा, कदीर भाई, हफिज भाई, सलीम भाई, मंजूर पटेल, अब्दुल समद, जाहिद मंसूरी, सफीक मिस्किनी सहित अन्य समाज जनों ने सिंगोड़ी पहुंचने पर इस्तकबाल किया। भारत से पैदल हज यात्रा में लगते हैं इतने दिन भारत में अक्सर बहुत से लोग धार्मिक स्थलों पर पैदल यात्रा करते हैं, वही इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र हज यात्रा होती है जिसमे हर साल एक से दो लाख लोग हज यात्रा में मक्का और मदीना हवाई जहाज से जाते है। वही कई ऐसे भी हाजी है जो पैदल वाय रोड जाते हैं। भारत के अलग-अलग राज्यों के हिसाब से मक्का मदीना की दूरी अलग अलग होती है। तेलंगाना से मक्का मदीना की पैदल दूरी की बात की जाए तो वह आठ हजार किलोमीटर के करीब है। जून 2022 में केरल से डाक्टर शिहाब नाम के युवक ने पैदल हज यात्रा करना शुरू किया था इस दौरान पांच देशों से होते हुए सिहाब ने लगभग 8600 किलोमीटर का सफर तय किया था।

वित्तीय साक्षरता पर भंसाली विद्या मंदिर में हुआ आयोजन

सौंसर। शनिवार को भंसाली विद्या मंदिर में शिक्षकों के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित सीबीएसई विद्यालयों में यह कार्यक्रमआयोजित किया जा रहे हैं। मोहसिन खान प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि वित्तीय साक्षरता सभी को आर्थिक निर्णयों में आत्मनिर्भर बनाती है। इससे वह भविष्य के वित्तीय जोखिमों से बच सकते हैं,आर्थिक स्थिरता प्राप्त कर सकते हैं। बेहतर वित्तीय समझ से युवा आर्थिक सफलता की ओर अग्रसर होते हैं,डिजिटल जमा एवं निकासी पर शिक्षकों को जागरूक किया गया जिससे वह जालसाजी एवं धोखाधड़ी से बच सके। आरबीआई द्वारा बैंकों में चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप शेंद्रे, प्राचार्य ज़हीर अहमद पटेल के मार्गदर्शन में एस त्रिपाठी, श्रीमती संध्या शेंद्रे, सबील अहमद खान,श्रीमती मनीषा निखाड़े,दीपिका तीनखेड़े श्रीमती सपना जैन आदि थे।

अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग 21 एवं 22 अक्टूबर को

बालाघाट। जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विभागीय शिक्षण संस्थाओं में अतिशेष शिक्षकों की कमी वाली शालाओं में काउंसलिंग के लिए 21 एवं 22 अक्टूबर की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इस प्रक्रिया अंतर्गत विभागीय जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित अतिशेष शिक्षकों की प्रकाशित अनंतिम सूची में प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण पश्चात अतिशेष शिक्षकों की अंतिम सूची तैयार कर जारी कर दी गई है। जिसे शुक्रवार को प्रकाशित कर समस्त संकुल प्राचार्यों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकों की कमी वाली शालाओं में काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थ करने के लिए काउंसलिंग का आयोजन 21 एवं 22 अक्टूबर को सहायक आयुक्त कार्यालय बालाघाट में निर्धारित रोस्टकर अनुसार किया गया है। जनजातीय विभाग सहायक आयुक्त ने बताया है कि किस शिक्षक को कब उपस्थित होना है इसकी सूची संकुल प्राचार्य एवं विकासखण्ड कार्यालय के माध्यम से संबंधित अतिशेष शिक्षकों को उपलब्ध कराई गई है। सूची अनुसार अतिशेष शिक्षकों को सूचित किया गया है कि अतिशेष शिक्षक निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही यह भी जानकारी दी गई है कि ऐसे अतिशेष शिक्षक जिनके द्वारा काउंसलिंग में भाग नहीं लिया जाएगा अथवा उपलब्धं रिक्त स्थानों में से किसी भी रिक्त स्थान का चयन नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकों की कमी वाली शेष शालाओं में प्रशासकीय पदस्थापना की जाएगी। जिसके

1 लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी निर्माण का ग्राम पंचायत बिसोनी में किया गया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिसोनी में 1 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी जिसकी लगत लगभग 15 लाख रुपए के निर्माण के लिए शुक्रवार को ग्राम पंचायत बिसोनी के उप सरपंच पवन कश्यप ने भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पानी की टंकी यहां के लोगों के लिए वरदान साबित होगी। यहां के लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम के लोगों को हर हाल में साफ पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में है। अभी तो शुरूआत है। ग्राम पंचायत बिसोनी विकास की नई कहानी गढ़ेगा। इस योजना के शुरुआत से ग्राम पंचायत बिसोनी के सभी वार्डो के लोगो को पानी की किल्लत से निजात मिलेगी। ग्राम पंचायत में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास योजनाएं गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए, जिसके लिए सभी की सहभागिता ज़रूरी है। पी एच ई विभाग के एसडीओ श्री बागेश्वर ने बताया कि इस पानी टंकी के निर्माण से ग्राम बिसोनी के हर हिस्से में पानी की समस्या समाप्त हो जायेगी। जिससे लोगो को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। जल्द ही टंकी का निर्माण कराके पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए हम लोग सतत प्रयत्नशील हैं। वहीं पूर्व सरपंच एवं वर्तमान पंच विजयवारे ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से निश्चित ही लोगो को लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार ग्राम के हर घर में शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध हैं। स्थानीय लोगो ने पानी की टंकी का निर्माण का कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त की है। इस मौके पर एचपी विभाग के एसडीओ हितेंद्र बाघेश्वर, दिलीप कुमार चोखानदरें, ग्राम पंचायत बिसोनी उप सरपंच पवन कश्यप, ग्राम पंचायत बिसोनी पूर्व सरपंच विजयवारे, ग्राम पंचायत बिसोनी सचिव नीलेश्वर, ग्राम टेमनी पूर्व सरपंच लक्ष्मण कावरे ,मोरघड़े,ठेकेदार प्रतिनिधि पिंकू सेगर, आदि उपस्थित रहे।

पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत, चांद को देख खोला उपवास

चंद्रमा को अर्घ्य देकर छलनी से किया सजना का दीदार, करवाचौथ पर रही प्रेम की बहार

हरिभूमि न्यूज लांजी। 20 अक्टूबर को पूरे देश में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा है. महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए इस दिन निर्जल रहती है. महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को पूजा के बाद चंद्रमा के दर्शन करने के बाद पति की पूजा करती हैं. इसके बाद महिलाएं अपने पति के हाथों पानी पीकर व्रत तोड़ती हैं.सोलह श्रृंगार के बाद चांद की होती है पूजाःकरवा चौथ के मौके पर लांजी में महिलाओं ने रविवार को सामूहिक रूप से करवाचौथ की कथा सुनी. करवा माता की कथा सुनने के बाद भगवान शिव-पार्वती, करवा माता, गणेश और चंद्रमा की पूजा की. इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया था. महिलाओं ने करवा माता से अखंड सौभाग्य का वर मांगा.ये है पौराणिक कथाःपौराणिक मान्यताओं के अनुसार पतिव्रता सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे. वहीं, एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री ने अपनी सतित्व के बल पर अपने पति की जान बचाई थी. करवा ने मगरमच्छ को सूती साड़ी के धागे से अपने तप के माध्यम से बांध दिया था और अपने पति की जान बचाई थी।

लांजी में करवा चौथ कर रही महिलाओं बताया की. महिलाओं ने कहा कि आज उन्होंने करवाचौथ का व्रत रखा है. अपने पति की लंबी आयु की कामना की है. सुबह नहा-धोकर महिलाओं ने करवा माता की पूजा की. इसके बाद करवाचौथ की कथा सुनी. वे पूरा दिन व्रत करके रात को चंद्रमा निकलने पर चांद को अर्घ्य देकर ही अपना व्रत पूरा किया।

मान्यता है कि सुहागिन महिलाएं करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर अपनी सास के हाथों की बनी सरगी खाकर ही उपवास की शुरुआत करती हैं.सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रंगार कर करवाचौथ व्रत रखकर पति की दीघार्यु की कामना की। महिलाओं ने भगवान शिव, पार्वती, कार्तिकेय एवं गणेश पूजा अर्चना की और कथा सुनी। सुहागिनों ने व्रत रखकरर बायना निकाल अपने बुजुर्गों को दिया। बुजुर्गों ने महिलाओं को सदा सुहागन होने का आशीर्वाद दिया।

संत जयराम दास राइस मिल के सामने हुआ हादसा

सड़क हादसे में लाइनमेन घायल, हुआ रेफर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी से पाथरवाड़ा सड़क मार्ग पर संत जयराम दास राइस मिले के सामने रविवार की शाम करीब 06 बजे सड़क हादसा हुआ है. सड़क हादसे में बिजली विभाग का कर्मचारी लाइन मेन घायल हुआ है जिसे वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है. प्राप्त जानकारी अनुसार बिजली कर्मचारी कमलेश पटले निवासी ग्राम कटेरा हाल मुकाम वार्ड क्रमांक 05 कटंगी पाथरवाड़ा रोड़ की तरफ जा रहे थे. वहीं संत जयराम दास राइस मिल के धर्मकांटा से एक ट्रक अचानक से सड़क पर आ गया जिससे कमलेश पटले का दोपहिया वाहन टकरा गया. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. वहीं राहगीरों ने सड़क हादसे की सूचना डॉयल 100 और संजीवनी 108 को दी लेकिन इन दोनों ही सेवाओं के घटना स्थल पर पहुंचने से पहले ही कटंगी विकास मंच के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने मानवता और जागरूकता का परिचय देते हुए घायल को अपने वाहन से सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती करवाया. वहीं सड़क हादसे की सूचना मिलते ही कमलेश पटले के पड़ोस में रहने वाले तमाम लोग भी अस्पताल पहुंच गए।प्राप्त जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 50 एच 0883 संत जयराम दास राइस मिल के धर्मकांटा में वजन कराने के बाद सड़क पर आ रहा था. जिसके चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से ट्रक को पीछे लिया. इस दौरान कमलेश पटले जो अपने दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 28 एम 4778 से पाथरवाड़ा रोड़ की तरफ जा रहे. उनके दोपहिया वाहन से टकरा गया. हादसे में कमलेश पटले के सिर और आंख के ऊपरी हिस्से सहित नाक के पास चोट आई है. चिकित्सक ने सड़क हादसे में घायल की स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया है. सड़क हादसे की सूचना मिलने पर कटंगी से उपनिरीक्षक और आरक्षक अस्पताल पहुंचे थे लेकिन घायल कमलेश से उनकी कोई बातचीत नहीं हो पाई यानी वह घायल का बयान दर्ज नहीं कर पाए है।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला जेल बालाघाट का किया शैक्षणिक भ्रमण

जिला जेल प्रभारी ने जेल से संबंधित नियमों व प्रक्रिया की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित विधि संकाय में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर के विधि विद्यार्थियों द्वारा जिला जेल बालाघाट का शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम, विधि विभागाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार डोंगरे के मार्गदर्शन एवं संतोष गोखले, सुनील कुमार चौरे, श्रीमती श्वेता भास्कर, कुलदीप पुरोहित अतिथि विद्वान विधि जनभागीदारी के नेतृत्व में किया गया।

जिसमें जिला जेल प्रभारी रामलाल समलाह के निर्देशानुसार जिला जेल में पदस्थ रविन्द्र जामकर जिला जेल मुख्य प्रहरी द्वारा सभी विधि विद्यार्थियों को जेल से संबंधित, जेल की प्रक्रिया, जेल की नियमावली, जेल में सजायाफ्ता कैदियों के आचार-विचार एवं रहन-सहन के बारे में अवगत करवाया गया। जिसके अन्तर्गत विधि विद्यार्थियों के पूछे जाने पर उन्हें जेल के प्रत्येक बैरक एवं खण्ड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा कैदियों के प्रकारों के अन्तर्गत विचाराधीन कैदी, सजायाफ्ता कैदी, सिविल कैदी एवं हवाला कैदी के बारे में जानकारी दी गयी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आदेश गेड़ाम, अमोल आचार्य, खुशबू ठाकरे, गौरव चिमनानी, राहुल नगपुरे, चितरंजनकर लिल्हारे, रोशनी कोल्हे, नीलिमा मड़ामे, सोनम मड़ामे, दीक्षा शर्मा, राम कोलते, साधना खरे, सीधी बिसेन आदि विधि विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

वाल्मिकी जयंती पर भगवान वाल्मिकी मंदिर में हुआ भजन, पूजन अर्चन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। भगवान वाल्मिकी के जन्मोत्सव पर श्री राम लला सेवा समिति एवम विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में नगर के वार्ड नंबर 9 में भगवान वाल्मिकी की जयंती मनाई गई। जिसमें अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना व आरती की गई। तत्पश्चात सभी बंधुओं के साथ महाप्रसाद एवम भंडारा ग्रहण किया गया।

रामलला समिति के सदस्यों द्वारा वाल्मीकि जयंती पर अच्छे-अच्छे भजनों का गायन किया गया। इस अवसर पर विहिप जिला अध्यक्ष यंज्ञेश लालू चावड़ा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक महान संत थे, हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। विहिप नगर अध्यक्ष बालाघाट सुशील ठाकुर ने कहा कि वाल्मीकि समाज भगवान वाल्मीकि जी की कलम के महत्व को समझ कर ज्यादा से ज्यादा बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण कराएं। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा, विश्व हिंदू परिषद बालाघाट नगर अध्यक्ष सुशील ठाकुर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल, कलश असाटी, राम लला सेवा समिति से संजय रूसिया, अभिषेक भैय्यू अग्रवाल, राकेश सोनी, विनय सुराना, बलराम पारधी, सुरेंद्र बिसेन, रतन अग्रवाल, प्रदीप श्रीवास्तव, योगेश यादव, शिव शंकर गंगेले, विश्व हिंदू परिषद से विजय पटले, पंकज एडे, हितेंद्र पात्रे, देव निखारे, शुभम शुक्ला, कैलाश कसार एवम वाल्मीकि मंदिर से राजा सेन्दरे, बन्टी सेन्दरे, मयूर सेन्दरे, नन्दु पाण्डे, विशाल लोधे, अर्जुन शेकपुरी, आकाश वाल्मिकी सहित अन्य बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खैरापलारी बाजार अव्यवस्थित, नहीं है सुलभ शौचालय,जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

जनपद पंचायत केवलारी के बड़े बाजारों में शामिल खैरापलारी बाजार जो कि प्रति शनिवार को लगती है, यहां पर लगभग आसपास के 50 से भी अधिक गांव के लोग बाजार करने के लिए पहुंचते है,और कान्हीवाड़ा, भोमा, केवलारी, सिवनी,छपारा के व्यापारी इस बाजार में अपनी दुकानें लगाते है,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दुर्भाग्य की बात यह है कि इतनी बड़ी बाजार होने के बावजूद भी यहां पर सुविधा नाममात्र की नही है,सबकुछ अव्यवस्थित रहता है,कहीं पर भी किसी भी वस्तु की दुकानें मोटरसाईकिल वाहन स्टेंड ना होना,हाथठेला वालों का मुख्य मार्ग पर दुकानें लगाना जिसके चलते व्यापारी पंचायत के द्वारा बनाये गये चबूतरे पर नही पहुंच पाता है, हाथठेला वालों से विवाद होना आम सी बात हो गई है। हर साल इस बाजार का ठेका नीलामी होती है,जिसकी नीलामी पंचायत करती है,लेकिन पंचायत को सिर्फ बाजार नीलामी से मतलब रहता है, उसके बाद बाजार में हो रही असुविधा से उन्हें किसी भी प्रकार का मतलब नही रहता,जबकि यह दायित्व ग्राम पंचायत का रहता है कि हमारे ग्राम में यदि बाजार लग रही है तो उसे व्यवस्थित एवं सुनियोजित ढंग से लगना चाहिए,जिससे कि व्यापारियों और ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो,बाजार में सुलभ शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन ग्राम पंचायत खैरापलारी के द्वारा ऐसी किसी भी प्रकार व्यवस्था नही दी गई। जिससे व्यापारियों एवं ग्राहकों में आक्रोश व्याप्त है,समय रहते यह व्यवस्था दुरूस्थ होना चाहिये।

नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजन 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 21 अक्टूबर को किया जा रहा है. नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के माध्यम से देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु 21 अक्टूबर को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मरीज को प्राथमिक जांच के उपरांत संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जाएगा और मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद अगले दिन पुनः वाहन से सिवनी तक लाकर छोड़ा जाएगा यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ति हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है। नागरिकों से निवेदन है कि अपने परिजनों, अपने आस-पास के नेत्र रोग से पीड़ति रोगी को गुरुवार 21 अक्टूबर को इस शिविर में सुबह 10 बजे से 04 बजे के मध्य रजवाड़ा लान में जरूर लाये, और इस शिविर की जानकारी अन्य लोगो को दीजिये जिससे ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों को लाभ मिल सके।

ग्राम भीमगढ में खेत में मिला नरकंकाल पुलिस जांच में जुटी

दो महीने पहले लापता हुए गांव के ही निवासी नारायण पुरी गोस्वामी के रूप में कपड़ों से परिजनों ने पहचान की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

छपारा पुलिस थाना अंतर्गत पुलिस चौकी भीमगढ कालोनी के ग्राम भीमगढ के खेत में 20 अक्टूबर को खेत की मक्का की फसल तुड़ाई के दौरान पहुंचे ग्रामीणों ने खेत में एक नरकंकाल को पड़ा हुआ देखा और पुलिस चौकी भीमगढ कालोनी में सूचना दी गई मौके पर भीमगढ कालोनी चौकी प्रभारी मुरलीधर पटेल द्वारा बताया गया कि उक्त नरकंकाल भीमगढ गांव के ही निवासी नारायण पुरी गोस्वामी पिता उदयपुरी गोस्वामी 45 वर्ष के रूप में परिजनों द्वारा पहचान की गई है जो रक्षाबंधन के बाद से लगभग दो महीने पहले से अपने घर से किसी को बगैर बताए लापता हो गया था परिजनों के द्वारा बताया गया कि इसके पूर्व भी नारायण पुरी गोस्वामी घर से बगैर बताए निकल जाया करता था। मौके पर नरकंकाल के पास कपड़ों एवं दस्तावेज से नारायण पुरी के परिजनों ने पहचान की है वहीं पूरे मामले में सुक्ष्मता से जांच की जा रही है। गांव के खेत में नरकंकाल के होने की खबर आग की तरह फैली गई जिसे देखने बड़ी संख्या ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। इस मामले में जहां एक परिवार के सदस्य जो दो महीने पहले लापता हुआ आखिकार नरकंकाल की स्थिति में मिला वहीं दो महीने तक खेत पड़े हुए होने की बात किसी को कैसे नहीं लगी समझ से परे है जैसे कई सवाल उठ रहे हैं।

इनका कहना है

अभी मामले की विवेचना की जा रही है एवं आवश्यक हुआ तो जांच के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।
सौरभ पटेल, नगर निरीक्षक पुलिस थाना छपारा

अनुसूचित जाति जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी समस्त वर्ग के शोधार्थी पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (सभी वर्ग) के शोधार्थियों को पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके अनुसार सत्र 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थी, पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। उक्त शोधार्थियों को अपना आवेदन पत्र, संस्था/शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, तृतीय तल सतपुडा भवन, भोपाल में 18 नवंबर तक जमा करना/भेजना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईट **www.highereducation.mp.gov.in** पर नवीन निर्देश के अंतर्गत उपलब्ध है,जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थियों को पीएच.डी. शोध छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के बावत‍ शीर्षक पर अंकित है।

पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर के शताब्दी समारोह संपन्न

पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर के शताब्दी समारोह, जो हिंदू जागरण मंच के द्वारा आयोजित किया गया सिवनी जिले के लखनादौन जिले के मंगल भवन में आयोजित मां मंच की जिला संयोजिका ममता शर्मा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें लखनादौन शहर एवं आसपास के क्षेत्र से लगभग 500 मां बेटियों ने भाग लिया मुख्य वक्ता श्रीमति निवेदिता शर्मा बाल विकास आयोग के सदस्य भोपाल एवं रतना चौहान फिल्म निर्देश का टीवी एंकर भोपाल एवं प्रियांशी भलाबी गोढी लोकगीत गायिका द्वारा नारी शक्ति और सम्मान विषय पर महिलाओं और बेटियों से विचार रखे मां बेटियों को विधर्मियो द्वारा बच्चियों को वर्गलाने पर अपनी बात रखी एवं कैसे परिवार की सुरक्षा की जाए इसके साथ- साथ हिंदू समाज मै बेटियों को कैसे सुरक्षित रखें कैसे उन्हें बलशाली बनाएं एवम परिवारिक परवेश मैं समाजिक परवेश मैं साथ ही समाज में संस्कृत बनाए रखने पर चर्चाएं की।

रोजगार मेले का आयोजन 24 को

हरिभूमि न्यूज सिवनी। / जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सिवनी के सभा कक्ष में 24 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो तथा कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

कभी भी घटित हो सकती है अप्रिय घटना एप्रोच रोड में पड़ी गहरी दरारें

केवलारी- मध्यप्रदेश मे पुलो के निर्माण मे भ्रष्टाचार की सीमा का अंत समझ से परे है।सिवनी मंडला राजमार्ग 11 ए पर सिवनी से मंडला सीमा थांवर नदी तक करोड़ों राशि के पांच उच्चस्तरीय पुलो के निर्माण कर चल रहे है।जिनमे थांवर नदी का पुल को छोड़कर बाकी चार पुलो पर आवागमन चालु हो गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

पहला पुल किलोमीटर 47-48 मे खेरी मुनगापार सागर नदी पर बना पुल,दुसरा किलो मीटर 56-57 केवलारी बैनगंगा नदी पर बना पुल,तीसरा 60-61 किलोमीटर बोथिया छिपिदहार नाला मे बना पुल ,चौथा किलोमीटर 65-66 गंगाटोला पटपरा नाला में बना पुल ओर पांचवा सिवनी मंडला बार्डर मे थांवर नदी मे बन रहा पुल,ब्रिज कॉरपोरेशन सेतु निर्माण निगम मध्य प्रदेश शासन के द्वारा करोड़ों का ठेका नामी कंपनियों को दिया जाता है, वैसे भारत में सिमिन्डिया लिमिटेड, गेमन इंडिया लिमिटेड जेसे नामी कम्पनिया पुलों का निर्माण करती है समय के साथ अरबो करोड़ो के कामों के लिए राज्य स्तर में भी बहुत सी कंपनिया पैदा हो गई है जो पुल बनाने का काम कर रही है। सबसे बड़ी समस्या इन कम्पनियों के साथ यह देखी जा रही हैं। ठेका लेकर लोकल ठेकेदारो को पेटी कॉन्टैक्ट मे दिया जाता है जिसके चलते पुलो के डिजाइन ड्रॉइंग एवं तकनीकी पेट्रन मे कमी देखी जा रही है। लोकल कंपनी ठेकेदार के द्वारा अनस्किल्ड वर्करो को पुल निर्माण कार्यों में लगाया जाता है, जिसके चलते पुल गुणवत्ताहीन बन रहे है। जिसका जीयता जागता उदाहरण भीमगढ़ गांव एवं सुनवारा में बेनगंगा नदी पर बना पुल बर्ष 2020 की बाढ़ पिल्लर सहित वह गये। राजतंत्र व परातंत्र शासन काल में बने पुल आज भी अमर ओर ख्यातिलब्ध है। बर्तमान समय मे ठेकेदारी प्रतिस्पर्धा व विभागीय परसेंटेज का फार्मूला ने भ्रष्टाचार की सीमा को लांघ गया है ।सिवनी मंडला राजमार्ग मे सागर नदी, बेनगंगा नदी ,पटपरा नाला मे बने पुल का बर्चुअल कार्यक्रम के तहतःपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी विदाई का भबिष्य स्वीकार कर एक साथ प्रदेश स्तर के लाखो अधुरे कामो का उदघाट्न कर दिया, ओर राजनीति दबाब चुनावी शंखनाद के कुछ घंटे पूर्व किये गये लाखो उदघाटन मे ये पुल भी शामिल थे। उदघाटन हुये एक साल हो गये लेकिन अभी भी पुलो के काम पूर्ण नहीं हुये है।उदघाटन के बाद पुल पूर्ण या यु कहे विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत से फार्म 7 एमबी मे शतप्रतिशत राशि आहरित कर ली गयी है ।बेनगंगा नदी में बने पुल में तो अभी तक दोनो साइड ना तो सपोटिंग आरसीसी बाल बनी ना ही पिंचिंग हो पाई।बेनगंगा नदी के दोनो साइड पुल एप्रोच मार्ग की अर्थ फिंलिग बर्क तकनीकी बिहीन बनने से रोड पुल से दिनों नीचे हो रही है। बाहन जब पुल पर इंटरी लेते है तब गचका यह साबित कर देते है कि गुणवत्ताहीन अर्थवर्क किया गया हैं ।बोथिया छिपिदहार नाला मे बनाया गया पुल का तो अभी तक उदघाटन भी नहीं हुआ ओर उदघाटन कराना भी नहीं चाहते यहां कांग्रेसी विधायक को लेकर असमंजस बनाया हुआ है । पुल के दोनो साइड आरसीसी स्पोटिंग बाल का काम एक साइड अपस्ट्रीम साइड पर धीमी गति से चल रहा है डाउन स्ट्रीम साइड में तो ऐसा प्रतीत होता हैं कि दीबाल बनाने की कोई मनसा नहीं हैं ।बोथिया हाईस्कूल के किनारे से पुल से बोथिया गांव के तरफ बनायी रोड के नीचे एक साइड से दुसरे साइड में जल निकासी के लिये पुलिया तो बनायी गयी लेकिन पुलिया के किनारे लगभग 50 -60 मीटर एप्रोच रोड की फिंलिग मिट्टी गिर कर जलवहाव को अवरुद्ध कर दिया है ।इस पुलिया के दोनों साइड में भी कंक्रीट बाल बनना था।इसकी जानकारी पूर्व एसडीओ पवन पटवा ने भी दी थी। लेकिन ठेकेदार द्वारा इसे भी नजर अंदाज किया जा रहा है।पुल की एप्रोच मार्ग का घाटिया स्तर का निर्माण कार्य व तकनीकी विहीन बर्क यह बता रहा है की बनी रोड दोनो तरफ कोलेब्स होने लगी ।जिसके चलते रोड मे लम्बी लम्बी दरारे आ गयी ।ओर ये दरारे यह संकेत दे रही है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

शराब दुकाने व सड़के बनी अघोषित अहाता

शराबियों को खुली छूट, आबकारी विभाग मौन ?

शराब दुकानों में संचालित अहातों को बंद करने के मध्यप्रदेश शासन के आदेश के बाद भी सड़कों पर अघोषित अहाते संचालित होते हुए दिख रहे हैं, शराब दुकानों के बाहर शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, लोगो का कहना है कि ये सब आबकारी विभाग की लापरवाही के कारण हो रहा है,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सूरज के ढलते ही शराब दुकानों के आसपास शराबियों का जमावड़ा लग जाता है और सड़कें ही अघोषित अहाता बन जाती हैं, शराबियों के आतंक के कारण महिलाओं और बच्चों को सड़कों में चलने में परेशानी होती है, आबकारी विभाग का काम शासन के आदेशों का अक्षरशः पालन करवाना होता है लेकिन अधिकारी अपने चेम्बर्स में बैठकर केवल खानापूर्ति करते हुए देखे जाते हैं। लोग चर्चा कर रहे हे कि कई शराब दुकानों में तो चोरी छुपे अहाते भी संचालित हो रहे हैं लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठा हुआ प्रतीत होता हे लोगो ने अवैध रूप से अहाते संचालित करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए

सार्वजनिक स्थल पर पी रहे शराबियों को पकड़ा पुलिस ने,की प्राथमिकी दर्ज

सिवनी। जिले में इन दिनों सार्वजनिक स्थलों पर शराबियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है,सार्वजनिक स्थल पर दर्जनों व्यक्ति खुलेआम शराब पीते नजर आ रहे है,जिसके चलते कोतवाली पुलिस के द्वारा गत दिवस अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही की गई,कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी सतिश तिवारी के निर्देशन पर इस अभियान को चलाया गया, जिसके तहत लगभग 20 शराब पीने वाले व्यक्तियों को पकड़ा गया,और प्राथमिकी दर्ज कराई गई। नगर के दलसागर तालाब के पास,चर्च के सामने कचहरी चौक शराब दुकान के पास छिंदवाड़ा चौक शराब दुकान के पास शाम ढलते ही शराबियों का मेला लग जाता है। और देखते ही देखते यहां पर खुलेआम बियर बार खुल जाता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते नजर आये तो इसकी हमें जरूर दें।

कबड्डी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

ग्राम बोरी कला में आयोजित न्यू स्टार क्लब बोरी कला के तत्व धाम पर कबड्डी का आयोजन किया गया था जो कि आयोजक अनस खान , रिहान खान, मुदस्सिर खान, राशिद खान, मसूद खान, नियाज खान, अंम्पायर संजय बघेल ,इकबाल अली अंम्पायर ग्राम बोरी कला पहुंचे मुख्य अतिथि अर्जुन सिह काकोडिया जी,श्री विजय उईके जी ,जिला पंचायत सदस्य श्री सतीश सरेयाम जी , सभापती राहुल उईके जी ,अनील मर्सकोले जी,तामसिह टेमरे जी जनपद सदस्य बोरी लेखराम मात्रे जी , बोरी कला सरपंच शेर सिंह कुमरे जी ,उपसरपंच जकी खान जी,सिगपुर कटरे मासब,टिकरी उपसरपंच जयसिंह धुर्वे जी , मंडलम अध्यक्ष आरिफ खान जी ,पत्रकार रजा कुरैशी जी ,डॉ शिव शंकर ठाकरे जी,और सभी गणमन नागरिक उपस्थित रहे इनके द्वारा कार्यक्रम को आयोजित किया गया जोकि न्यू स्टार क्लब के तत्व धाम पर फाइनल (न्यू स्टार क्लब बोरी C) सेकंड विजेता (न्यू स्टार क्लब बोरी A) शांतिपूर्वक समापन किया गया।

दौरा कार्यक्रम के दौरान विधायक ठाकुर रजनीश का फलों से तोलकर भव्य स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। विधानसभा क्षेत्र केवलारी के विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने दिनांक 20 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को केवलारी विधानसभा धनौरा ब्लॉक का जनसंपर्क दौरा किया, दौरा कार्यक्रम के दौरान विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह का ढोल बाजे के साथ मंगल कलश रखकर फूल मालाओं से एवं फलों से तोलकर भव्य स्वागत किया गया विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने धनौरा ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम साजपानी,मासूल, गनेरी,पाटन माल, पाटन रैयत, उमरपानी,पिपरिया नाई,कुरनभटा का जनसंपर्क दौरा किया।दौरा कार्यक्रम में विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने ग्रामीण जनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना व निराकरण हेतु संबंधितों को निर्देशित किया एवं ग्रामीण जनों की माँगो के अनुसार विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान किया! तत्पश्चात विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने विधायक निधि से स्वीकृत रंग मंचों का भूमिपूजन किया एवं 17 लाख रु. की राशि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम के आयोजन में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह के साथ धनौरा पूर्व विधायक डालसिंह मर्सकोले जी,ब्लॉक अध्यक्ष विकास बघेल जी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गण राजेंद्र जैन जी,अनीक मोहम्मद खान जी, मुकेश जैन जी,जिला कांग्रेस महामंत्री हर्षवर्धन सिंह लकी बघेल जी,राजेश उइके जी,मुकेश राजपूत जी,जिला पंचायत सदस्य घूरसिंह सल्लाम जी,वरिष्ठ जन महेश कुमार बट्टी जी,लखन बेलिया जी,मडलम अध्यक्ष रज्जन उइके जी,रामकुमार नायक जी,युवा साथी मनोज बकोड़े जी, मंडलम प्रभारी

शिवकुमार उइके जी, सेक्टर अध्यक्ष सुमत लाल झारिया जी, अतरसिंह कुमरे जी,प्रभारी नेमसिंह कुमरे जी,अशोक कुमार मसराम जी,बूथ अध्यक्ष गण, प्रभारी गण, बी.एल.ए गण, एवं समस्त शासकीय विभागों के पदाधिकारी गण कर्मचारी गण,वरिष्ठ कांग्रेस जनों,जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, प्रदेश प्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष गण, मोर्चा, संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी समेत समस्त गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला पुलिस पेंशनर्स संघ सेमीनार मे किया सहभागिता

हरिभूमि न्यूज सिवनी। रविवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सेमीनार मे मुख्य आतिथ्य के रुप मे सहभागिता किया। नगर के भैरोगंज मुंगवानी रोड स्थित राजपूत मंगल भवन मे जिला पुलिस पेंशनर्स संघ सिवनी द्वारा आयोजित सेमीनार मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि के रुप मे सहभागिता किया। तथा सेमीनार का शुभारंभ आपके करकमलों से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संघ के पदाधिकारियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का फूलमालाओं से अतिथि सत्कार किया गया।

इस अवसर पर महेंद्र मिश्रा अध्यक्ष, मोहनसिंह पटेल जी, ब्रजकिशोर बाबरिया जी, लेखराम सिंह जी, युधिष्ठिर अवस्थी जी, नंदलाल चौकसे जी, रमेश मिश्रा जी, रमेश मानेश्वर जी, कन्हैया नाविक जी, रमाशंकर ठाकुर जी, दिलीप डहरवाल जी, पूनम सोनी जी, गंगाराम चन्द्रवंशी जी, मंगलसिह धुर्वे जी, थानसिंह धुर्वे जी, मतलूब खान जी, जमना प्रसाद दुबे जी, गोपाल प्रसाद सनोडिया जी, शंकरलाल वर्मा जी, हीरामन तिवारी जी सहित अनेकों पुलिस पेंशनर्स बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

परंपरा प्रदर्शनी का आयोजन 21 एवं 22 को

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दीपावली एवं करवा चौथ के पावन पर्व पर 21 एवं ब्त 22 अक्टूबर को राशि लॉन बारापत्थर सिवनी में भव्य परंपरा प्रदर्शनी का का आयोजन रखा गया है। जिसमें महिलाओं की बहुउपयोगी सामग्री शामिल वा होगी समस्त मातृ शक्तियों से इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की गई है ति यह प्रदर्शीनी निःशुल्क प्रातः 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रारंभ रहेगी। उक्ताशय की जानकारी अभिषेक अग्रवाल ने दी है।

दीपदान के प्रभाव से स्वर्ग की प्राप्ति होती है

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दीपदान का महत्व जो मनुष्य, देव मंदिर अथवा ब्राम्हणं के ग्रह में एक वर्ष तक दीपदान करता है, वह सब कुछ प्राप्त कर लेता है। चातुर्मास में दीपदान करने वाला, विष्णुलोक को और कार्तिक मास में दीपदान करने वाला स्वर्गलोक को प्राप्त होता है। चातुर्मास में दीपदान से बढ़कर ना कोई व्रत है, ना था और ना होगा। दीपदान से आयु और नेत्र ज्योति की प्राप्ति होती है। दीपदान से धन और पुत्र आदि की प्राप्ति भी स होती है। दीपदान करने वाला सौभाग्य युक्त होकर स्वर्गलोक में देवताओं द्वारा पूजित होता है। विदर्भराजकुमारी ललिता दीपदान के ही पुण्य से राजा चारूधर्मा की पत्नि हुई और उसकी सौ रानियों में प्रमुख हुई। उस साध्वी ने एक बार विष्णु मंदिर में सहस्त्र दीपों का दान किया। इस पर उसकी सपत्नियों ने उससे दीपदान का महत्व पूछा। तब ललिता ने अपनी समस्त सौतों से यह बताया कि मैं पूर्व जन्म में चुहिया थी। करवा का व्रत कर महिलाओं ने दीपदान किया और अपने ग्रह को चली गयी तथा दीपक में तेल शेष रह जाने पर भी दीपक बुझने लगे तब मैंने उन दीपक की बत्तियों को अपने मुख में दबाकर आगे बढ़ा दिया, जिससे दीप लगातार प्रज्ज्वलित रहे। उस दीपक की बत्तियों को बढ़ाने से मुझे दीपदान का पुण्य प्राप्त हुआ, जिसके प्रभाव से मैं इस जन्म में राजकुमारी व राजा चारूधर्मा की मुख्य रानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अतः करवा चौथ में दीपदान करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। तब समस्त रानियों ने करवा चौथ का व्रत रखकर दीपदान किये। उन्हें जीवन पर्यंत सौभाग्य की प्राप्ति हुई। किंतु दीपक का हरण करने वाला गूँगा अथवा मूर्ख हो जाता है। यह निश्चय है। अंतः दीपदान के प्रभाव से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इसलिये दीपदान सभी व्रतों में विशेष फलदायक है। ब्रम्ह वैवर्त पुराणानुसार श्री गणेश भगवान, श्री विष्णु, श्री कृष्णा भगवान के ग्यारहवें अंश है।

नवीन कर्माझिरी में 15 हेक्टेयर चरनोई भूमि की मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राज्य शासन द्वारा ग्राम कर्माझिरी को यापित किया जा रहा है, आज की घटना देखते हुए ग्रामीणों द्वारा नवीन कर्माझिरी में सुरक्षित 15 हेक्टेयर चरनोई भूमि की की गयी है. ज्ञातव्य है कि वर्तमान में जो कर्माझिरी व है वह वन के अंदर है अतः वन्य प्राणियों आमद को देखते हुए नवीन कर्माझिरी क्षेत्र कपाली बारिश के पूर्व विस्थापित किये जाने प्रक्रिया जारी है जिसका समाचार पूर्व में बाद कुंज में प्रकाशित किया गया था. आज चिखली ग्राम में हुई घटना के बाद मर्माणों का कहना है कि नवीन कर्माझिरी सत्र में जब इंसानों के रहने के लिये सड़क, बिजली के खंबे, स्कूल, औषधालय, आंगनबाड़ी सरकार बना रही है. 13 हजार से अधिक वृक्ष भी काट रही है तो 15 हेक्टेयर चरनोई भूमि भी मवेशियों के लिये सुरक्षित रखे तथा इसकी कैंसिग करा दे ताकि ग्रामीण अपने पशुओं को चरनोई भूमि में ही चराने लेकर जाये अन्यथा गाँव भले ही वन से दूर बस जायेगा पर मवेशियों को चराने के लिये ग्रामीणों को जाना वन में ही पड़ेगा और कभी गाय मरेगी कभी चरवाहा. उल्लेखनीय होगा कि गाँव में चरनोई भूमि, कुँए, तालाब सबका प्रावधान होता है नवीन कर्माझिरी में चरनोई भूमि है या नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं है।

शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश का आगमन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मनुष्य में देवत्व के अभिवर्धन, सत्प्रवृत्तियों के विकास एवं विश्व शांति हेतु विराट 108 कुंडिय गायत्री महायज्ञ का आयोजन दिनांक 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक बरघाट नगर में संपन्न होने जा रहा है । इस कार्यक्रम की सफलता हेतु शांतिकुंज हरिद्वार में अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रमुख दीदी शैल बाला पांडया द्वारा शक्ति संचारित कलश प्रदान

किया गया। इस हेतु बरघाट क्षेत्र के 30 परिजन शांतिकुंज हरिद्वार जाकर आज 20 अक्टूबर 2024 को प्रातः काल आए। इस कलश की शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ शंकरदयाल बिसेन के निवास से गायत्री शक्तिपीठ तक लाई। गयी। शक्तिपीठ में सजल श्रद्धा ,प्रखर प्रज्ञा मैं शक्ति कलश की स्थापना कर उसका पूजन किया गया सभी परिजनो ने

बजरंग दल की विभाग बैठक सिवनी में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। बजरंग दल की विभागीय बैठक सिवनी के आशीर्वाद पैलेस, ज्यारत नाका में धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस बैठक में सिवनी विभाग के पालक बजरंग दल प्रांत सह संयोजक रंजीत परमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही, प्रांत सह संयोजक तरसवी उपाध्याय, प्रांत मिलन प्रमुख अभय जी, प्रांत बल उपासना प्रमुख देवेंद्र सेन, सिवनी जिला संयोजक माधव दुबे, बालाघाट संयोजक सुरेंद्र नगपुरे और लखनादौन संयोजक अंचल राय सहित अन्य कार्यकर्ता भी इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें आगामी त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम, अभ्यास वर्ग, हिंदू रक्षा, कन्या रक्षा, गौ रक्षा, और मंदिरों की सुरक्षा के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, समिति गठन, मिलन और सत्संग समितियों की स्थापना के लिए भी योजनाएँ बनाई गईं।

बजरंग दल की इस बैठक का उद्देश्य आने वाले समय में संगठन की गतिविधियों को और भी प्रभावी और सशक्त बनाना था। संगठन द्वारा हिंदू समाज की रक्षा, मंदिरों की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रमः संगठन द्वारा युवाओं में आत्मरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से त्रिशूल दीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यास वर्गः कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों को और गहराई से समझ सकें।

खबर संक्षेप

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि आज

बालाघाट। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की खरीदी के लिये कृषकों के धान पंजीयन की तिथि 14 अक्टूबर तक निर्धारित की गयी थी। जिला एवं खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में कुछ किसान पंजीयन कराने से वंचित रह गए है। फलस्वरूप अपर संचालक खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 21 अक्टूबर कर दी गई है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि ऐसे किसान जिन्होंने अभी तक अपना धान का पंजीयन नहीं करवाया है, वे निर्धारित अवधि में अपना पंजीयन एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा तथा अपने स्वयं के मोबाईल से करा सकते है।

मिरगपुर की 21 वर्षीय युवती हुई लापता

कटंगी। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिरगपुर की 21 वर्षीय युवती लापता हो गई है. युवती अपने घर पर बिना कुछ बताए कहीं चली गई है. युवती के पिता ने एक दिन पहले यानी शनिवार की करीब ढाई बजे तिरोड़ी थाने में अपने पुत्री के गुम होने की रपट दर्ज करवाई है. पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है. 20 अक्टूबर को पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मिरगपुर निवासी मीताराम गोकुलपुरे की 21 वर्षीय युवती पायल गोकुलपुरे अपने घर से रात्रि करीब साढ़े 12 बजे बिना घर पर कुछ बताये कहीं चली गई है. युवती के परिजनों ने हर जगह उसकी काफी तलाश की और नाते-रिश्तेदारी में भी काफी पता किया लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला. जिसके बाद युवती के पिता ने तिरोड़ी थाने पहुंचकर युवती के गुम होने की रपट दर्ज करवाई है. पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 47 दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

हीरापुर में एक शख्स के साथ हुई मारपीट

कटंगी। क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में 38 वर्षीय शख्स के साथ गांव के ही एक अन्य शख्स ने शराब के नशे में बिना किसी कारण के ही पीड़ति को गाली-गलौज देते हुए ईट से सिर पर हमला कर दिया है. पीड़ति शख्स ने तिरोड़ी थाने में मारपीट की रपट दर्ज करवाई है. पीड़ति की रपट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 115 (2) की कार्रवाई की है. घटना शनिवार की देर शाम करीब साढ़े 08 बजे के आसपास की है. रविवार की तीन बजे पीड़ति कैलाश राहंगडाले उम्र 38 वर्ष ने दूरभाष पर चर्चा कर जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही ऋषि पटले ने उसके साथ शराब के नशे में बेवजह गाली-गलौज की और जब उसे ऐसा करने से रोका तो ईट से सिर पर हमला कर दिया. जिससे उसके सिर पर चोट आई है।

बालाघाट में व्यापारियों ने अवैध तरीके से स्टोर किए थे

2 घरों से साढ़े 3 लाख के पटाखे जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में पटाखों की जांच के दौरान परसवाड़ा और लामता में प्रशासन और पुलिस की जांच टीम ने घरों में भंडारित कर रखे गए साढ़े तीन लाख रूपए के पटाखे बरामद किए हैं। व्यापारियों ने अवैध रूप से पटाखों को गोदाम में स्टोर किया था। इस दौरान बिना सुरक्षा इंतजाम के इनको स्टोर किया गया था।

परसवाड़ा के बीजाटोला में राजकुमार राठौर के पुराने मकान से लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए और लामता में व्यापारी नरेश धुले के घर 1 लाख के पटाखे जब्त किए गए हैं। शनिवार देर शाम एसडीओपी परसवाडा सतीश साहू और तहसीलदार वर्षा झारिया ने बताया कि व्यापारियों के पास पटाखा को स्टोर किए जाने के संबंध में लाइसेंस और दस्तावेज नहीं थे। पंचनामा तैयार कर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

---

47 महिला पुरुष परीक्षार्थी आयोग की परीक्षा का लिखेंगे पर्चा

जिले में पहली बार आज होगी लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। मप्र लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा पहली बार बालाघाट के केंद्र पर होने जा रही है। परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर रविवार सुबह मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर व एनवीडीए के अध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार भार्गव ने मुख्य परीक्षा आयोजन के लिए निर्धारित नियमों निर्देशों ऑयर मापदंडों का निरीक्षण किया। ऑब्जर्वर डॉ. भार्गव ने परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए पार्किंग के अलावा महिला व पुरुष प्रसाधन की व्यवस्थाओं के साथ ही प्रवेश द्वार पर होने वाली जांच आदि का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों में दिव्यांगों की जानकारी लेते हुए व्हील चेयर तथा प्रवेश के लिए रैंप व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने परीक्षा स्थल पर डॉक्टर्स की टीम के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने में भी निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्ष में समुचित प्रकाश व्यवस्था, कंट्रोल रूम, जनरेटर, स्वच्छ जल की पूरी व्यवस्था रखने के लिए प्रभारी प्राचार्य श्री गोविंद सिरसाट को निर्देश दिए है। इस दौरान परीक्षा प्रभारी श्री केसी ठाकुर, एसडीएम श्री गोपाल सोनी और शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय उपस्थित रहें।

4 दिव्यांग, 15 महिलाएं देगी परीक्षा: परीक्षा प्रभारी श्री ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग की यह मुख्य परीक्षा बालाघाट में पहली बार आयोजित की जा रही है। प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई है। इस मुख्य परीक्षा में कुल 47 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें 15 महिलाएं और 4 दिव्यांजन भी शामिल होंगे। परीक्षा 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक आयोजित होगी। 21 से 24 अक्टूबर तक सामान्य अध्ययन के 4 पेपर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और 25 को सामान्य हिंदी व 26 को हिंदी निबंध का पेपर सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा।

परीक्षार्थियों को आयोग के निर्देशों का रखना होगा ध्यान: मप्र आयोग ने परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित निर्देशों के अनुदेश भी प्रेषित किये है। उन अनुदेशों का पालन आवश्यक रूप से करना होगा। परीक्षा हॉल तक मोबाईल, घड़ी या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र या वस्तु पूर्णतः प्रतिबंध किये गए है। साथ ही जूते-मोजे, कफलिंग, हाथ का बैंड, बंधन, बालो का बांधने का क्लचर, बक्कल,हाथ मे पहनने वाले मैटेलिक, चमड़े के बैंड, कमर बेल्ट, धूप के चश्में, पर्स, वॉलेट, टोपी, ताबीज को वर्जित रखा गया है।

बेसमेंट में संचालित हो रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठान

बालाघाट में एसडीएम के निर्देश पर नपा ने अब तक नहीं दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले में बेसमेंट में व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे है। जिन्हें कार्यवाही का कोई डर नहीं है। शहर के प्रमुख मार्गो से लेकर अन्य मार्गो पर व्यापारियों ने प्रतिष्ठान गोदाम बना रखे हैं। दरअसल, दिल्ली के बेसमेंट में संचालित कोचिंग में तीन युवकों की मौत के बाद बेसमेंट में कोचिंग और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच और कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। जिसके बाद बालाघाट नगर में बेसमेट में संचालित कोचिंग संस्थाओं की जांच कर कार्रवाई की गई। हालांकि, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ जांच नहीं करने के आरोप हैं।

इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम ने नगरपालिका से नगरीय क्षेत्र में बेसमेंट में संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जानकारी मांगी थी, लेकिन महीनों बाद भी नगरपालिका, यह जानकारी उपलब्ध नहीं करवा सकी। जबकि बालाघाट नगरीय क्षेत्र के प्रमुख मार्गो सहित व्यवसायिक क्षेत्रो में बेसमेंट में व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे है।

जबकि बेसमेंट को पार्किंग के रूप में अनुमति दी जाती है, लेकिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों ने पार्किंग के बेसमेट में भी दुकानें बनाकर, उसे व्यवसायिक उपयोग के लिए या तो बेच दिया है, या फिर किराए पर दे दिया है। ऐसा नगरीय क्षेत्र के मेनरोड, सर्किट हाउस मार्ग, रेलवे स्टेशन रोड, पुराने राम मंदिर के पास सहित नगर के व्यवसायिक क्षेत्र में देखा जा सकता है। जहां बेसमेंट में व्यवसायिक प्रतिष्ठान है।

हालांकि, नगरपालिका, भवन संहिता के तहत निर्माण की अनुमति देती है। जिसने, भवन निर्माण के दौरान बेसमेंट को किस प्रयोजन से है और वर्तमान में इसका उपयोग क्या हो रहा है। इसकी जानकारी नगरपालिका के पास होती है, यही कारण है कि एसडीएम गोपाल सोनी ने पूर्व में नगरपालिका को बेसमेंट में संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठान को लेकर जानकारी मांगी गई थी, लेकिन महीनों बाद भी नगरपालिका और बेसमेंट में संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जानकारी नहीं जुटा सकी है।

दूसरी ओर नगरपालिका के जिम्मेदार, इस मामले में जानकारी देने में आनाकानी कर रहे है। एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि बेसमेंट में संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठान को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हमने दो बार नगरपालिका को बेसमेंट के प्रयोजन की जानकारी के लिए पत्र लिखा है। हालांकि, नगरपालिका ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके बाद फिर हम नगरपालिका को स्मरण पत्र दे रहे है। चूंकि नगरपालिका नियमों के अनुरूप ही भवन संहिता के तहत निर्माण अनुमति दी जाती है। जिससे नगरपालिका को यह शक्ति और अधिकार है कि वह इसकी जांच करें।

करवा चौथ : पति की दीर्घायु के लिए सौभाग्यवती महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में रविवार को करवा चौथ मनाया गया। सुहागन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जल व्रत धारण कर भगवान शिव,माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश सहित चंद्रमा की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके अलावा सुहागिन व्रतधारी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। वही जगह-जगह सामूहिक रूप माता करवा की कथा का वाचन और विशेष आराधना की गई।

अखंड सौभाग्य के इस व्रत को नगर की महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। जहां महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत धारण कर पूरे दिन अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठान किए। वही शाम के वक्त 16 श्रृंगार कर नगर में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। महिलाओं ने माता करवा की कथा सामूहिक रूप से सुनकर, मां करवा की आरती उतारी और पूजा पाठ में भाग लिया। जिसके बाद चांद दिखाई का इंतजार करती रही।

हालांकि, रविवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहने से चांद का दिदार देर शाम तक नहीं हो सका। जिसके चलते महिलाएं चांद को देखने इंतजार करते रही। पति की दीर्घायु और परिवार में सुख समृद्धि के लिए रखा जाता है।

व्रत-सुहागिन महिलाएं करवा चौथ व्रत और सामूहिक पूजा अर्चना के संदर्भ में की गई चर्चा के दौरान व्रतधारी सुहागन महिला दर्शना बत्रा ने बताया कि करवा चौथ का व्रत पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए रखा जाता है। जिससे परिवार में हमेशा सुख समृद्धि बनी रहे और पति की दीर्घायु हो। इसे लेकर सौभाग्यवती महिलाएं पूरे दिन निर्जल रहकर करवा चौथ का व्रत धारण करती हैं। जहां सुबह उठकर जल ग्रहण करते हैं। पूरा दिन निर्जल रहते हैं पूरे दिन व्रत धारी महिलाएं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मां करवा सहित अन्य देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना करती है।

नवोदय विद्यालय में कक्षा-नवमीं एवं कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

बालाघाट। जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवी में रिक्त स्थनों की पूर्ति के लिए 08 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री रनबीर सिंह ने बताया कि कक्षा नवमीं एवं कक्षा ग्यारहवी में 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

जबलपुर में खेलेगी मैच, 10 दिनों तक जिले में दी जाएगी कोचिंग

बालाघाट में अंडर-15 क्रिकेट टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की अंडर-15 क्रिकेट की टीम आगामी 03 नवंबर से जबलपुर के नीमखेड़ा क्रिकेट मैदान में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेगी। जिसके लिए रविवार को खिलाड़ियों का चयन और उनके मैदान में परफॉर्मेंस के आधार पर किया गया।

दरअसल, मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ, युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। जिसकी शुरुआत आगामी 03 नवंबर से होगी। जबलपुर में आयोजित जिलास्तरीय टीम में 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिन्हें कल 21 अक्टूबर से शाम 04 बजे से कन्या महाविद्यालय और रेंजर कॉलेज मैदान में क्रिकेट कोच और प्रशिक्षित करेंगे।

जिला क्रिकेट संघ सचिव निशांत मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-15 जिलास्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले की अंडर-15 टीम के लिए, खिलाड़ियों को ट्रायल लेकर चयनित किया गया। उन्होंने कहा कि इन चयनित खिलाड़ियों को कल 21 अक्टूबर से कोच, प्रशिक्षण देंगे।

तुषाग्र चौरे, आर्यन ठाकुर, ऋषि अधिकारी, जैस बाहरे, पियूष गेडाम, कोस्तुभ्य पांडे, भावेश राहंगडाले, तनय पंद्रे, सामविक गोखले, रवि बिसेन, वीर वाधवानी, हर्षित उदगावकर, तन्मय राहंगडाले, ऋषि सचदेव, अनिमेष भीमटे और विहान नाग का चयन किया गया है।

रोड-साईकिलिंग में 4 और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एक लेगी हिस्सा

नेशनल गेम्स में पांच खिलाड़ी करेंगे बालाघाट का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के पांच स्कूली खिलाड़ी नेशनल गेम्स के वॉलीबॉल और रोड साईकिलिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिन्हें प्रदेश की टीम में सिलेक्ट किया गया है। इसमें तीन बालिका और दो बालक शामिल है।

आने वोले समय में स्कूल गेम्स फेडेरशन ऑफ इंडिया पटना में राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करने वाली है। जिसमें वॉलीबॉल में एमएलबी स्कूल की खिलाड़ी सेजल सिंह और रोड साईकिलिंग में एमएलबी स्कूल की दो बालिका रिया बावने, गौरा उईके, वहीं शासकीय मॉडल स्कूल बैहर के दो छात्र दिग्विजय चौहान और निश्चय धुर्वे, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम के साथ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिले में एमएलबी स्कूल की स्पोर्ट्स अधिकारी कंचन महाजन और रोड साईकिलिंग के कोच मनोज उपवंशी के बेहतर मार्गदर्शन से खिलाड़ियों ने जिले के लिए यह उपलब्धि हासिल की है।

बेहतरीन प्रदर्शन से हुआ खिलाड़ीयों का चयन

जबलपुर में रोड साईकिलिंग की आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी रिया, गौरव, दिग्विजय और निश्चय ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था। जिसके चलते राज्यस्तरीय चयन समिति ने उनका चयन प्रदेश की टीम में किया है। इसी तरह सेजल सिंह का चयन भी मध्यप्रदेश की टीम में उनके बेहतरीन खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

जिले के स्कूली खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय, एमएलबी स्कूल प्राचार्य डॉ. मनोज जैन, जिला स्पोर्ट्स अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी, मॉडल स्कूल बैहर प्राचार्य सुनील कुमार खोब्रागढ़े, स्पोर्ट्स अधिकारी कंचन महाजन, रोड साईकिलिंग कोच मनोज उपवंशी सहित शालेय परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए नेशनल गेम्स के खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी है।

स्वयंसेवकों ने नगर में किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझना हैं, तो दूर से बैठकर नहीं, उसमें शामिल होकर देखे। दूर से बैठकर तो लोग अपने-अपने नजरिये से उसे देख कर अपने-अपने कयास लगाते रहते हैं।

मालवा क्षेत्र निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अनिल परमार ने यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी पर्व के अवसर पर आयोजित पथ संचलन के अवसर पर रानी अवंतीबाई स्टेडियम में संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई संघटन नहीं हैं, जिसने सौ वर्ष पूरे किया हो। लेकिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने सौ वर्ष पूरे करने जा रहा है, 1925 में बना यह संघटन अपने संघर्ष और सेवा के कारण निरंतर आगे बढ़ते जा रहा हैं। संघ का उद्देश्य जनजागरण करना, अपने धर्म, संस्कृति को बनाये रखने और समरसता के भाव से राष्ट्र हित में चलना है।

इस अवसर पर रानी अवंतीबाई स्टेडियम में अतिथि के रुप में विभाग संघचालक श्रीरंग देवरस, जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पटले, मुख्य वक्ता जिला प्रचारक बालाघाट अनिल परमार, जिला कार्यवाह राम ठाकरे, सह जिला कार्यवाह शिवदयाल बोपचे, विभाग शारीरिक प्रमुख सुरेन्द्र भगत, नगर कार्यवाही धर्मराज राणा सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अतिथियों व सदस्यों द्वारा भगवे ध्वज का ध्वजारोहण कर भारत माता, गुरु गोलवरकर, डॉ. बलीराम हेडगेवार के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया।

संबोधन के बाद स्वयंसेवकों द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। जिसमें स्वयंसेवकगण 4-4 की पंक्ति में क्रमबद्ध होकर खाकी फुलपेंट, सफेद शर्ट व हाथों में लाठी लेकर एक-दूसरे के साथ कदमताल करते हुए नगर में पथ संचलन के लिए निकले।

निःशुल्क टेली-लॉ जागरूकता शिविर आयोजित हुआ

बालाघाट। नगर की सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में केन्द्रीय न्याय विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित टेली-लॉ योजना के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क टेली-लॉ जागरूकता शिविर मोतीनगर स्थिति सहस्त्रबाहु चाय हाउस बालाघाट में आयोजित किया गया। जिसमें 278 नागरिकों द्वारा कानूनी सलाह के लिए निःशुल्क पंजीयन करवाया साथ ही 19 लोगों द्वारा टेलीफोन के माध्यम से आज का स्लाट बुक करवाकर चयनित वकालों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रोजेक्टर के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह की महत्ता एवं न्याय व्यवस्था में टेलीलॉ योजना के योगदान को बताया गया। बालाघाट नगर के लोगों में टेलीलॉ योजना के बारे में जानने के लिए अति उत्सुकता देखी गई और देर सायं तक जानकारी लेने नागरिक आते रहे।

महिला की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सावरगांव में एक महिला के साथ उसी के रिश्तेदारों ने पारिवारिक विवाद के दौरान एक राय होकर गाली-गलौज देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है ऐसी शिकायत महिला ने थाने में दर्ज करवाई है. महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. घटना शनिवार की शाम करीब साढ़े 07 बजे की है. महिला ने घटना के बाद रात्रि करीब साढ़े 09 बजे थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई. हाल मुकाम रामजी टोला पीड़ति महिला के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उनके पत्नी के साथ धूरन नगपुरे और विनय नगपुरे दोनों निवासी सावरगांव ने गंदी-गंदी गाली गलौज देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है. पुलिस ने पीड़ति महिला की शिकायत पर अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 115 (2), 351(2), 3 (5) की कार्रवाई की है।

विधायक विवेक पटेल ने निर्माणाधीन सडक़ का किया निरीक्षण

ठेकेदार करेगा घटिया सड़क का निर्माण तो ग्रामीण रुकवा दे निर्माण कार्य : विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। विधानसभा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा लगातार किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में विधायक विवेक पटेल ने शनिवार को ग्राम पंचायत खुर्सीपार पहुंच कर प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत लगभग 2 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत से बन रही खुर्सीपार से अतरी-हेटी सडक़ का औचक निरीक्षण किया।

सामग्री डालने से पहले अच्छी तरह से सफाई करे: इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने सडक़ निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री के बारे में ठेकेदार से जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि सडक़ पर सामग्री डालने से पहले उसकी अच्छी तरह से सफाई कर ले। सडक़ निर्माण कार्य में किसी भी तरह की कोताही ना बरते। अगर निर्माण कार्य में मुझे ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की शिकायत मिलेगी, तो वह तत्काल निरीक्षण करने के लिए आयेगे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सडक़ निर्माण कार्य यदिआपको घटिया व गुणवत्ताहीन लगे, तो आप लोग निर्माण कार्य तत्काल रुकवा दे।

सडक़ बनने के बाद ग्रामीणों को नही होगी कोई परेशानी: खुर्सीपार से अतरी-हेटी की सडक़ बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने पर परेशानी नहीं होंगी। किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इस निर्माण कार्य के शुरू होने पर खुर्सीपार, अतरी, हेटी के ग्रामीणों ने विधायक विवेक पटेल का आभार जताया हैं।

गॉव की खराब सडक़ों का होगा नवीनीकरण: इस मौके पर विधायक श्री पटेल ने ग्रामीणों से कहा कि खैरलांजी क्षेत्र के अंतर्गत गॉंव की जितनी भी खराब सडक़े हैं, उनका हम नवीनीकरण करने का प्रयास करेंगे। अभी कुछ जगहों पर सडक़ों का निर्माण कार्य चल रहा हैं, निर्माण कार्य ठीक हो रहा हैं कि नहीं, मेरे द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा हैं। वहीं अधिकारियों को जल्द सभी सडक़ों की हालत सुधारने के निर्देश दिए हैं, मेरे विधानसभा क्षेत्र में जितनी भी खराब सडक़े हैं, सभी सडक़ों का नवीनीकरण किया जाएगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो।